तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 15 जुलाई 2025
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

2
मैनपाट के विपरीत मौसम में सुरक्षा के लिए हाथियों का दल बना चुनौती



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## अलसुबह से उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, शिव मंदिरों में दिनभर चला पूजा-पाठ

# सावन के पहले सोमवार को गूंजा हर-हर महादेव



पूजा-अर्चना करते श्रद्धालू।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सावन माह के पहले सोमवार 14 जुलाई को शहर समेत जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी रही। अलसुबह से ही शिवभक्त पूजा-सामग्री के साथ भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए मंदिरों की ओर निकले। शहर के प्रसिद्ध प्रेमाबाग शिव मंदिर में सुबह होते ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। विधि-विधान से भक्तों ने बेलपत्र, जल, दूध, धतूरा, भस्म और पुष्प आदि अर्पित कर भगवान शिव की आराधना की। सावन के पहले सोमवार को कई शिव मंदिरों में महिला श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन का आयोजन कर माहौल को और भी आध्यात्मिक बना दिया। मंदिरों में बोल बम, भोले शंकर जैसे जयकारे दिनभर गूंजते रहे।

### सावन के पहले दिन लगी रही झड़ी

सावन माह की शुरूआत जहां श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगी रही, वहीं मौसम ने भी अपना रूख बदलते हुए सावन के स्वागत में जमकर रिमझिम बारिश की। जिलेभर में सावन के पहले दिन सोमवार को लगातार रूक-रूक कर बारिश होती रही, जिससे मौसम सुहावना हो गया और गर्मी से राहत मिली। बारिश के साथ-साथ बिजली की आंख-मिचौली ने लोगों को थोड़ी परेशानी में जरूर डाला। कई इलाकों में अचानक बिजली कटौती होने से घरों और दुकानों में अंधेरा छा गया, वहीं जल आपूर्ति और इंटरनेट सेवाएं भी प्रभावित हुई। शहर के प्रेमाबाग, स्कूलपारा, झुमका रोड, ओड़गी नाका समेत कई क्षेत्रों में दिनभर बारिश की बूंदें गिरती रहीं। वहीं कई श्रद्धालु बारिश में भींगते हुए शिव मंदिरों में दर्शन और जलाभिषेक के लिए पहुंचे।

### शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक पूजन

पुलिस लाइन, स्कूलपारा, चेर, ओड़गी नाका, झुमका बांध, सोनहत मार्ग के जंगलों में स्थित शिवघाट मंदिर और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में भी भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। भक्तों ने पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाएं शिव को अर्पित कीं। पूरे जिले के शिव मंदिरों में एक विशेष दृश्य यह भी रहा कि बच्चों ने भी पूजा सामग्री जैसे नारियल, अगरबत्ती और बेलपत्र लेकर शिव मंदिर पहुंचे और भोलेनाथ की पूजा की।

### हर सोमवार को होगा भंडारा

सावन माह के पावन अवसर पर दुर्गा पूजा समिति भवानी तिगड़ा के तत्वावधान में दुर्गा मंदिर पीपल वृक्ष के नीचे श्रद्धालुओं के लिए विशाल भोग भंडारे का आयोजन किया गया।

सावन के पहले सोमवार पर आयोजित इस भंडारे में काफी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। समिति ने यह सुनिश्चित किया है कि हर सावन सोमवार को नियमित रूप से भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिससे भक्तजन सेवा और श्रद्धा के इस संयोग का लाभ ले सकें। इस बार आयोजित भंडारे में विशेष योगदान अंकित ज्वेलर्स के प्रोपराइटर मनोज सोनी एवं हरिओम बुक डिपो के संचालक हिमांशु अवस्थी का रहा। दोनों सेवाभावी युवाओं के सहयोग से आयोजित भंडारे में भक्तों के लिए प्रसाद, खीर-पूरी, सब्जी एवं फलाहार की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने इस व्यवस्था को खूब सराहा।




भवानी तिगड्डा में आयोजित भंडारा।

## शिवभक्ति यात्रा में श्रद्धा का उमड़ा सैलाब



**मनेन्द्रगढ़।** सावन के पहले सोमवार पर मनेन्द्रगढ़ में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। हनुमान टेकरी मंदिर से नाकेश्वर महादेव मंदिर तक दो लोटा जल लेकर श्रद्धालुओं ने पदयात्रा करते हुए सामूहिक जलाभिषेक किया। पूरे नगर में हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों से माहौल शिवमय हो गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका डॉ.रश्मि सोनकर के साथ शीला सिंह, नीलम सोनी, दीक्षा सोनी, प्रतिमा प्रसाद, सरिता पांडे, रेखा गुप्ता, पूजा पटेल, सरला, आरती, रोशनी मिश्रा और रोशनी पनिका सहित काफी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं मौजूद रहीं। महिलाओं ने भक्ति गीतों, शिवनाम संकीर्तन और पारंपरिक वेशभूषा के साथ आयोजन को आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम संयोजनकर्ता डॉ.रश्मि सोनकर ने बताया कि पिछले कई वर्षों से सावन के प्रत्येक सोमवार को शिवभक्तों द्वारा सामूहिक रूप से जलाभिषेक किया जाता है। इस वर्ष भी यह आयोजन पूर्ण श्रद्धा और उत्सव भाव से किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि सावन माह के दौरान प्रत्येक मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। साथ ही सावन के अंतिम सोमवार को श्री विजय हनुमान टेकरी में सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा।

## पहले सोमवार को मंदिर परिसर में पौधरोपण



**बैकुण्ठपुर।** सावन माह के प्रथम सोमवार को देवराहा बाबा सेवा समिति बैकुंठपुर के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मंदिर परिसर में पौधरोपण कर एक प्रेरणादायक पहल की शुरूआत की।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष शैलेष शिवहरे, भानू पाल, अनिल शर्मा, रामकिंकर पाण्डेय, जितेन्द्र गुप्ता, सुभाष साहू, जयनाथ वाजपेयी, घनश्याम साहू, धनेन्द्र महाराज, अनिल खटिक, धीरज शिवहरे, आशीष शुक्ला, अंकित गुप्ता, अभय दुबे सहित अन्य सदस्यगण, नगर के वरिष्ठजन एवं श्रद्धालु काफी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में आम, अमरूद, नींबू, जामून सहित कई प्रकार के फलदार पौधों का रोपण किया गया। समिति ने यह संकल्प भी लिया कि लगाए गए सभी पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित किया जाएगा। उपस्थितजन ने कहा कि यह अभियान केवल एक पौधा लगाने का कार्य नहीं, बल्कि मां के प्रति सम्मान और प्रकृति के प्रति कर्तव्य का प्रतीक है। समिति ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की और इस पावन अवसर पर इस प्रकार के आयोजनों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप

### बढ़ी विद्युत दर को लेकर पत्रकार वार्ता आज

**बैकुण्ठपुर।** राज्य भाजपा सरकार द्वारा हाल में बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस ने 15 जुलाई को दोपहर 1 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया कि राज्य की भाजपा सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट, व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए 25 पैसे प्रति यूनिट तथा किसानों के लिए कृषि दर में 50 पैसे प्रति यूनिट बिजली दर की बढ़ोतरी कर आम जनता एवं किसानों पर आर्थिक बोझ डाल दिया है।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**बैकुण्ठपुर।** जिला परिवहन कार्यालय कोरिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक 15 जुलाई को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। यह बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष बैकुंठपुर में होगी। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सड़क मरम्मत, ट्रैफिक मैनेजमेंट, स्कूली बच्चों में यातायात जागरूकता, संकेतक व्यवस्था, पशु दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं अन्य सड़क सुरक्षा संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागों को पूर्व सूचना के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया गया है। बैठक में पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, राष्टीय राजमार्ग प्राधिकरण, नगर पालिका, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, आबकारी विभाग, एनजीओ तथा अन्य विभागों के प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि बैठक का एजेंडा संलग्न कर सभी आमंत्रित विभागों को भेजा गया है।

### बैठक में छात्रावासों की व्यवस्थाओं की समीक्षा

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आदिम जाति विकास विभाग द्वारा संचालित छात्रावास/आश्रमों की व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छता, पौधरोपण, समय-सारणी, शिष्यवृत्ति वितरण, मेस संचालन, निगरानी समिति गठन, अभिलेख संधारण, महिला सुरक्षा, मादक पदार्थों से बचाव, बागवानी एवं पालक-बालक सम्मेलन सहित छात्रावासों की समग्र व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

### एग्रीस्टैक से नवीन पंजीयन 31 अक्टूबर तक

**मनेन्द्रगढ़।** आगामी धान खरीदी सीजन 2025-26 के लिए राज्य शासन ने भारत सरकार के एग्रीस्टैक प्रोजेक्ट के अंतर्गत किसान पंजीयन को अनिवार्य कर दिया है। इसके तहत प्रदेशभर में किसानों को एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीकृत किया जाएगा, जिससे कि उन्हें समर्थन मूल्य पर धान विक्रय की सुविधा मिल सके। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। जिले के सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को निर्देशित किया गया है कि वे एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किसानों का नवीन पंजीयन एवं फसल रकबे का संशोधन कार्य प्राथमिकता के आधार पर संपादित करें।

## हत्या की गुत्थी सुलझी, दो गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर/चरचा कॉलरी।** जिले के थाना चरचा पुलिस ने परेवा घाट तीखुर घोसा नाला क्षेत्र में मिले अज्ञात शव के हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राजेश साहू के मार्गदर्शन में की गई।

■ तीखुर घोसा नाला क्षेत्र में मिले अज्ञात शव का मामला



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 जुलाई को ग्राम तर्रा निवासी मोती राम ने थाना चरचा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तीखुर घोसा नाला के पास पिछले 4-5 दिनों से एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का निरीक्षण किया। शव की स्थिति सड़ी-गली थी, लेकिन मृतक के बाएं हाथ में चैनदार घड़ी, बाएं भुजा में ॐ गोदना, नीला चड्ढा एवं नीला टी-शर्ट होने से पहचान के प्रयास किए गए। शव का पीएम रिपोर्ट आने के बाद हत्या की पुष्टि हुई, जिसके आधार पर थाना चरचा में धारा 103(1), 238(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध क्रमांक 132/2025 दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिससे संदेह की सुई लक्ष्मण राजवाड़े और रामदेव राजवाड़े की ओर मुड़ी। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि 8 जुलाई को उन्होंने मृतक जय प्रकाश के साथ शराब पी थी। नशे की हालत में बिशुनपुर गांव में विवाद हुआ, जिसके बाद अमरैया जंगल में पहले हाथ मुक्के से मारपीट की और फिर परेवा घाट तर्रा ⏭ शेष पेज 4 पर

## टैक्स रिफंड में गड़बड़ी पर मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी में आयकर का छापा

**मनेन्द्रगढ़।** इनकम टैक्स रिफंड में बड़े स्तर पर फर्जीवाड़े के मामले में आयकर विभाग ने सोमवार को तड़के मनेन्द्रगढ़ और चिरमिरी में एक साथ कई स्थानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई एसईसीएल से जुड़े एक अधिकारी और एक आयकर सलाहकार के आवास पर की गई। इससे क्षेत्र में दिन भर हड़कंप मचा रहा।

आयकर की सोमवार की सुबह चिरमिरी पोड़ी क्षेत्र के नवापारा इलाके में स्थित एसईसीएल के अधिकारी रविशंकर चक्रधारी के आवास पर पहुंची। अधिकारियों ने घर की सघन तलाशी ली और अनेक दस्तावेजों को जब्त किया। दूसरी ओर मनेन्द्रगढ़ के निवासी आयकर सलाहकार मनीष गुप्ता के घर पर भी आयकर विभाग की एक अन्य टीम ने छापा मारा। बताया जा रहा कि मनीष गुप्ता के घर में पहले भी इसी तरह की जांच और कार्रवाई हो चुकी है। अधिकारियों को शक है कि आयकर रिफंड को लेकर चल रहे फर्जीवाड़े में उनकी भूमिका संदिग्ध हो सकती है।



### फर्जी तरीके से रिफंड क्लेम

सूत्रों का कहना है कि एसईसीएल के कुछ कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा फर्जी निवेश प्रमाण पत्र, झूठे मेडिकल बिल, एलआईसी प्रीमियम और अन्य कर छूट संबंधी दस्तावेजों के माध्यम से लाखों रुपए का आयकर रिफंड लिया गया है। इस घोटाले में कुछ निजी टैक्स सलाहकारों की संलिप्तता की भी आशंका है, जो ऐसे मामलों में तकनीकी सहायता प्रदान कर रहे थे। हालांकि आयकर विभाग की टीम ने इस छापेमारी के संबंध में कोई आधिकारिक प्रेस बयान नहीं जारी किया है।

### दुकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** शहर के फुंदुरडिहारी स्थित एक किराना दुकान में 20 दिनों पूर्व हुई चोरी के मामले में गांधीनगर पुलिस को आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची एवं उससे चोरी के 3620 रूपए नगद व सामग्री बरामद की है। फुंदुरडिहारी निवासी तिरूपति स्टोर्स के संचालक कमलेश कुमार वर्मा ने 23 जून को दुकान का ताला तोड़कर चोरों द्वारा नगदी व सामग्री चोरी करने की रिपोर्ट गांधी नगर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने चोर का पता लगाने सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो एक युवक दुकान से नगदी व सामग्री चोरी करते नजर आया। मामले में बीएनएस की धारा 331(4), 305 (ए) का मामला पंजीबद्ध कर पुलिस ने सोनी मोहल्ला निवासी शिवांग चौहान (19वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने दुकान में चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी से नगदी व सामग्री जब्त करने के साथ ही उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है।

### संजीवनी 108 में गूंजी किलकारियां

## संजीवनी एक्सप्रेस में दो महिलाओं का कराया गया सुरक्षित प्रसव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए डायल 108 संजीवनी एक्सप्रेस जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए जीवनदायनी साबित हो रही है। उक्त निःशुल्क सेवा का लाभ विभिन्न परिस्थितियों में जरूरतमंद लोग उपयोग कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

बीते दिनों डायल 108 संजीवनी एक्सप्रेस से दो गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने के दौरान बीच रास्ते में ही बच्चे की किलकारी गूंज उठी। दोनों ही मामलों में संजीवनी ईएमटी की सूझबूझ से सुरक्षित प्रसव कराया गया और दोनों ही मामले के जच्चा व बच्चा स्वस्थ हैं, जिन्हें चिकित्सीय देख-रेख के लिए अस्पताल में भर्ती कर चिकित्सकों के देख-रेख में रखा गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पहला मामला बैकुंठपुर जनपद क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर का है। यहां की गर्भवती मानमती उम्र 36 वर्ष को प्रसव के लिए बैकुंठपुर लाया गया था, जहां से स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गर्भवती महिला को अंबिकापुर रिफर कर दिया गया। गर्भवती महिला को संजीवनी एक्सप्रेस वाहन से अंबिकापुर ले जाया जा रहा था कि अंबिकापुर पहुंचने के पूर्व ग्राम सिलफिली के पास गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर संजीवनी एक्सप्रेस के ईएमटी दिनेश्वर राजवाड़े ने सफलता पूर्व प्रसव कराया, महिला ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं, लेकिन उन्हें चिकित्सीय देख रेख के लिए अंबिकापुर अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।





दूसरा मामला सोनहत जनपद क्षेत्र का है। ग्राम नवाटोला बंशीपुर निवासी गर्भवती महिला चंदा पति पवन कुमार उम्र 21 वर्ष गांव से लेकर सीएससी सोनहत संजीवनी वाहन में लाया जा रहा था, इसी दौरान महिला को प्रसव पीड़ा हुआ और ईएमटी दिनेश्वर राजवाडे ने ग्राम अकलासरई में सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया और जच्चा, बच्चा दोनों स्वस्थ है, जिन्हें पीएससी भैंसवार में भर्ती कराया गया। इस तरह संजीवनी एक्सप्रेस के ईएमटी दिनेश्वर राजवाडे तथा पायलट विनय पाण्डेय की सुझबूझ से दोनों मामले में गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित प्रसव कराया गया।

## निजी उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच अनियमितता पर कार्रवाई



निरीक्षण करने पहुंची टीम।

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में कृषकों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 10 जुलाई को कृषि विभाग की जिला स्तरीय टीम द्वारा विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के विभिन्न निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान राधिका कृषि सेवा केन्द्र मनेन्द्रगढ़ एवं नारायण अग्रवाल बरबसपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इन प्रतिष्ठानों में उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के अंतर्गत निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। रेट लिस्ट चस्पा नहीं की गई थी। दस्तावेज का संधारण नहीं करने के कारण दोनों प्रतिष्ठानों को अनियमितताओं के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

उक्त कार्रवाई के दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी मनेन्द्रगढ़ धर्मेन्द्र कुमार कुर्रे, उर्वरक निरीक्षक सह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रवि कुमार गुप्ता, अगमदास बंजारा बीटीएम एवं क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विधायक की पहल पर कुन्नी में लगाया गया नया ट्रांसफार्मर



**लखनपुर।** लुंड्रा विधायक की पहल से एक दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों को अंधेरे से मिली मुक्ति मिली है। ग्रामीणों की मांग के बाद विधायक के निर्देश पर कुन्नी सब स्टेशन में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। बता दें कि जिले के लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र के लखनपुर विकासखंड अंतर्गत कुन्नी सब स्टेशन में ट्रांसफार्मर के खराब होने से आए दिन विद्युत आपूर्ति ठप जाने से एक दर्जन से अधिक वनांचल गांव के ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर थे। जानकारी के मुताबिक 12 जुलाई दिन शुक्रवार को ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से एक दर्जन से अधिक गांव में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। जिससे ग्रामीणों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। कुन्नी भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि महंत और मंडल महामंत्री विक्रम सिंह ने लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज से इस संबंध में चर्चा की विधायक प्रबोध मिंज ने विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता से चर्चा करते हुए ट्रांसफार्मर लगाए जाने निर्देश दिया। विधायक के निर्देश के बाद कार्यपालन अभियंता के निर्देश पर कुन्नी सब स्टेशन में बड़ा नया ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत आपूर्ति बहाल किया गया। नया ट्रांसफार्मर लगने से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।

### डीएवी स्कूल में हुआ तीन दिवसीय चतुर्वेद शतकम परायणयज्ञ



**बिश्रामपुर।** आर्य प्रादेशिक सभा नई दिल्ली के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल में 9 जुलाई से 11 जुलाई तक तीन दिवसीय चतुर्वेद शतकम परायणयज्ञ का श्रद्धाभाव से आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय प्राचार्य एचके पाठक,वरिष्ठ अध्यापक एएम चौबे, डीके तिवारी व वरिष्ठ शिक्षिका शोभा नामदेव यजमान के रूप में सम्मिलित हुए।यज्ञ के तृतीय दिवस में पूर्णाहुति की गई जिसमें विद्यालय के समस्त अध्यापक -अध्यापिकाएँ और विद्यार्थीगण पूरे मनोयोग एवं श्रद्धा भाव से शामिल हुए। विद्यालय के संस्कृत आचार्य बलबीर त्रिपाठी, हीरा लाल व अमूल्य भोई के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर यज्ञ को विधिवत पूर्ण कराया गया।संगीत शिक्षक नासिर खान के निर्देशन में विद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा संगीतमय भजनों की मनोरम प्रस्तुति की गई।इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य एचके पाठक ने समस्त विद्यालय परिवार के सवस्थ एवं सुखी जीवन की मंगल कामना करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि चतुर्वेद शतकम पारायण यज्ञ एक धार्मिक अनुष्ठान है जिसमें चारों वेदों के मंत्रों का पाठ किया जाता है, इसका उद्देश्य वेदों के ज्ञान का प्रसार करना और वातावरण को शुद्ध करना है।आयोजन को सफल बनाने में समस्त विद्यालय परिवार व स्टाफ का सक्रिय योगदान रहा। सामूहिक शांति पाठ के साथ आयोजन का समापन किया गया।

### घर में घुसकर नकदी रकम चोरी करने वाला गिरफ्तार



**राजपुर।** घर में घुसकर पेटी से 45 हजार रुपए चोरी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम घरघोड़ी निवासी 28 वर्षीय संदीप कुमार टोप्पो आ. जीवन राम टोप्पो ने पुलिस से शिकायत की थी कि 8 जुलाई की रात घर से लगे दुकान में प्रवेश किया और दुकान से घर के अन्दर आकर पेटी का ताला तोड़कर 45 हजार रूपए नगदी की चोरी कर ली थी। इस मामले में पुलिस द्वारा संदेह के आधार पर ग्राम घरघोड़ी निवासी 23 वर्षीय प्रवीण कोरवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस घटना में प्रयुक्त रॉड बरमाद करने के साथ ही आरोपी को बीएनएस की धारा 305 (ए) 331(4) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह, प्रधान आरक्षक नवीन साहू, राजेंद्र ध्रुव, आरक्षण रूपेश गुप्ता अन्य सक्रिय रहे।

### नशे में चला रहा था बस चालक के विरूद्ध कार्रवाई

**अम्बिकापुर।** नशे में अनियंत्रित गति से बस चलाने के मामले में राजपुर पुलिस ने आरोपी चालक को पकड़कर एमवी एक्ट की कार्रवाई की है। चालक नीलांबर राम पिता दुबराजराम शनिवार को आदिशक्ति बस क्रमांक सीजी 15 एबी 2134 को अम्बिकापुर से कुसमी-सामरी ले जा रहा था। नशा में होने के कारण चालक तेज रफ्तार से बस चला रहा था तथा कई बार ऐसी स्थिति निर्मित हुई कि बस दुर्घटनाग्रस्त होते-होते बची। इसकी सूचना पर राजपुर पुलिस ने बस को थाने के सामने रोका तथा जांच की। चालक शराब के नशे में मिला। बस में सवार यात्रियों ने भी पुलिस को चालक की मनमानी एवं जान जोखिम में डालकर यात्रा करने का वृतांत सुनाया।

अलग-अलग दल में बंटकर बोल रहे धावा

# मैनपाट के विपरीत मौसम में सुरक्षा के लिए हाथियों का दल बना चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- एक सप्ताह के भीतर 10 घरों को बनाया खण्डहर

बारिश के बीच मैनपाट में अलग-अलग दलों में भ्रमण कर रहे हाथियों ने ग्रामीणों को रतजगा करने मजबूर कर दिया है। हाथी मध्यरात्रि में आबादी क्षेत्र में पहुंचकर घरों में तोड़फोड़ मचा रहे हैं। विपरीत मौसम के कारण हाथियों की निगरानी में भी समस्या हो रही है। हाथी पलक झपकते ही अपना ठिकाना बदल दे रहे हैं जिससे परेशानी और अधिक बढ़ गई है।

सीमावर्ती कापू जंगल लम्बे समय से भ्रमण कर रहा 13 हाथियों का दल पिछले एक सप्ताह से वन परिक्षेत्र मैनपाट के विभिन्न गांवों में लगातार तबाही मचा रहे हैं। भोर होते ही हाथी सीमावर्ती कापू जंगल में चले जाते हैं तथा शाम ढलने अलग-अलग स्थानों से पहाड़ी चढ़कर मैनपाट के विभिन्न गांवों में पहुंच जाते है। आबादी क्षेत्र के निकट के जंगलों में कुछ समय बिताने के बाद हाथी बस्तियों में पहुंचकर तोड़फोड़ मचाना शुरू कर देते हैं। भोजन चक्र में बदलाव आने के कारण हाथी वनस्पतियों के साथ ही अब विभिन्न प्रकार की फसलों एवं अनाजों की खोज में भटकते हैं तथा गंध मिलते ही घरों को ढहाना शुरू कर देते हैं। हाथी अलग-अलग दलों में विभिन्न गांवों में हमला करते हैं जिसके कारण वन अमले को भी हाथियों की निगरानी के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। बारिश एवं घने कोहरे के बीच विभाग का गजराज वाहन वन अमले एवं ग्रामीणों के लिए बड़ा सहारा बन गया है। जहां आवागमन का साधन है वहां वन अमला गजराज वाहन के सहयोग से सायरन की आवाज एवं रंग-बिरंगी रोशनी के माध्यम से हाथियों को खदेड़ने की मशक्कत करते हैं। हाथी भी निकट से गजराज वाहन के सायरन की आवाज सुनकर भागने लगते है। इन सभी कोशिशों के बावजूद न तो हाथियों की तबाही रूक रही है न ही जान-माल की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों के रतजगा करने का क्रम। गनीमत है कि हाथियों द्वारा पिछले एक सप्ताह से लगातार तबाही के बावजूद अभी तक कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है। क्षेत्र के गांवों में पूरे साल हाथियों की आवाजाही होने के कारण अब ग्रामीण भी काफी सतर्कता बरते हैं। इसके पूर्व भी हाथियों ने एक पखवाड़े तक विभिन्न गांवों में लगातार तबाही मचाई थी तथा एक सप्ताह की राहत के बाद हाथी फिर से सक्रिय हुए है।



रात में हाथियों की निगरानी करते वनकर्मी एवं ग्रामीण।



हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त घर।

### 10 से अधिक घरों को किया ध्वस्त

एक सप्ताह के भीतर हाथियों ने अलग-अलग गांवों में 10 से अधिक मकानों को ध्वस्त कर खण्डहर बना दिया है। हाथियों ने कुछ घरों के दीवार को तोड़ा है जबकि कुछ घरों में रखे अनाज को खाने के लिए सुरंग बनाया है वहीं कुछ घरों को ध्वस्त कर खण्डहर बना दिया है। भरी बरसात में घरों के खण्डहर बनने के कारण प्रभावित परिवारों के समक्ष सिर छिपाने का संकट उत्पन्न हो गया है। अलग-अलग दलों में बंटकर पहाड़ी क्षेत्र, तराई क्षेत्र एवं समतल इलाके की बस्तियों में पहुंच जा रहे हैं जिसके कारण वन अमले को भी निगरानी के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। एक सप्ताह से लगातार पूरी रात हाथियों की निगरानी करने के कारण वनकर्मियों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

#### इन गांवों में लगातार धावा

हाथी लगातार कंडराजा, उरंगा, पतरापारा, बरवाली, ननाइन डांड, चोरकी पानी, विपुल ढाब, बांटी ढाब, घटगांव में धावा बोल रहे हैं। बीती रात दल के चार हाथियों ने ग्राम पंचायत नर्मदापुर के सरनापारा में पूरी रात तबाही मचाया तथा गांव के नन्हू मझवार का घर ढहा दिया। इसके पूर्व रात्रि हाथियों ने ग्राम बरडांड एवं घटगांव में चार घरों में तोड़फोड़ करने के उपरांत घरों में रखा अनाज चट कर गए थे। हाथियों ने ग्राम बरडांड में बनी एक झोपड़ी को तहस-नहस करने के साथ सुदामा कोरवा एवं सैनाथ कोरवा वहीं घटगांव निवासी सुनील उरांव का घर ढहा दिया था वहीं 7 हाथियों का दल ननाइनडांड स्थित बांस प्लांटेशन में डटा रहा।

### कम दृश्यता बनी समस्या

वर्तमान में शाम ढलते ही मैनपाट में घना कोहरा छा जा रहा है जिससे दृश्यता बेहद कम हो जा रही है तथा टॉर्च की रोशनी में 5-8 फीट दूर की चीजे नहीं दिख रही है। वनकर्मी हाथियों की चिंघाड़ एवं उनके पदचाप की आवाज से उनका पीछा कर रहे हैं। विपरीत मौसम न केवल वन अमले के लिए बल्कि ग्रामीणों के लिए भी बाधा उत्पन्न कर रहा है दृश्यता कम होने के कारण हाथियों से सामना होने का खतरा बढ़ गया है।

### की जा रही निगरानी

हाथियों के अलग-अलग गांवों में पहुंचने एवं दृश्यता कम होने के कारण हाथियों की निगरानी में समस्या हो रही है। समस्या को देखते हुए गजराज वाहन सहित अन्य वाहनों का उपयोग हाथियों की निगरानी के लिए किया जा रहा है। वन क्षेत्रों में पूरी रात पैदल चलना पड़ रहा है। गजराज वाहन से हाथियों को नियंत्रित करने में काफी मदद मिल रही है।

-फेंकू चौबे
परिक्षेत्राधिकारी, मैनपाट



### एआईडीईओए की बैठक में नई समिति का किया गया गठन

**बिश्रामपुर।** शनिवार 12 मई को एसईसीएल बिश्रामपुर के ऑडिटोरियम में ऑल इंडिया डिप्लोमा इंजीनियर्स एंड ऑल ऑफिसिएल्स एसोसिएशन द्वारा स्वागत-मिलन सह नवीन समीति गठन समारोह आयोजित किया गया। आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में एआईडीईओए के राष्ट्रीय महासचिव आरके तिवारी व राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द कुमार प्रजापति व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अरूण कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।समारोह विशिष्ट अतिथि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय कुमार सिंह व क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी कन्हैया लाल भील के उपस्थिति में संपन्न हुआ।समारोह में बिश्रामपुर क्षेत्र में नव पदस्थ माइनिंग सरदार का क्षेत्रीय महाप्रबंधक तथा क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी के द्वारा पुष्पगुच्छ और डायरी -फाइल देकर स्वागत किया गया।समारोह में बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत ओवरमैन राजेश सिंह को केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, मनोज सिंह को केन्द्रीय संगठन सचिव, सलमान खान केन्द्रीय संयुक्त महासचिव, केन्द्रीय उपाध्यक्ष बसंत कुमार तथा केन्द्रीय सचिव के रूप में राजेश सिंह को मनोनीत किया गया है। एसईसीएल बिश्रामपुर के क्षेत्रीय समिति में क्षेत्रीय अध्यक्ष बेनुगोपाल सिंह,क्षेत्रीय सचिव तजिन्दर झा,कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश राम एवं अन्य माइनिंग स्टॉफ को अन्य पदों पर सर्वसमति से मनोनीत किया गया।उक्त आयोजन में बिश्रामपुर क्षेत्र के दर्जनों माइनिंग स्टॉफ सम्मिलित हुए।

## कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- निकालेंगे वृहद ध्यानाकर्षण रैली



मोदी की गारंटी लागू करवाने कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। विधान सभा सत्र के पूर्व 16 जुलाई को समस्त जिला मुख्यालयों में मोदी की गारंटी लागू करने के सरकार के वादे को याद दिलाने के लिए ध्यानाकर्षण रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

इसी तारतम्य में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला संयोजक डॉ. आरएस सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक कर आंदोलन की तैयारी हेतु रणनीति तैयार की गई। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला संयोजक ने बताया कि विधानसभा,लोकसभा निर्वाचन के दौरान वर्तमान सरकार ने छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी के तहत अनेक वादे किए थे,लेकिन अभी तक कर्मचारियों के लिए एक भी वादे पूरे नहीं किए गए हैं, जिससे कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अभी विधानसभा सत्र प्रारंभ होने वाला है इसलिए पुनः ध्यानाकर्षण करने के लिए 16 जुलाई को भोजनावकाश में ध्यानाकर्षण रैली के माध्यम से ज्ञापन सौपा जाएगा, यदि सरकार जल्द मांगों पर पहल नहीं करती है तो चरणबद्ध तरीके से 22 अगस्त को प्रदेश के समस्त कर्मचारियों द्वारा एक दिवसीय सामुहिक अवकाश व सितंबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन करने हेतु बाध्य होंगे। जिला फेडरेशन महासचिव मो.इकबाल अंसारी ने बताया कि 16 जुलाई को दोपहर 1 बजे जिले के सभी कर्मचारी अधिकारी रंगमंच मैदान में एकत्रित होंगे व रैली निकाल कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में डॉ. आरएस सिंह, डॉ. राजेश पैकरा, प्रतिमा सिंह, मो.इकबाल अंसारी, गोपाल विश्वकर्मा, विजय साहू, निर्मल भट्टाचार्य, मनीष दीपक साहू, राजकुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, सतीश प्रताप सिंहदेव, राधेश्याम साहू, महेश पैकरा, आदित्य शर्मा, विन्देश गुप्ता, निधि श्रीवास्तव, ज्योति साधना, माया शर्मा, अनुरंजन देव, रमेश राजवाड़े, संत राम, रामनंदे साहू, रवि प्रसाद पैकरा, शिव कुमार पैकरा, यशवंत प्रताप सिंह, अवधेश कुमार सिंह सहित अन्य कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

जयंती पर पूर्व डिप्टी सीएम समेत कांग्रेसजन ने अर्पित की श्रधांजलि

# महिलाओं व युवाओं की सक्रिय राजनैतिक भागीदारी की पक्षधर थी राजमाता : सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



राजमाता स्व. श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव की 92वीं जयंती पर जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पुष्पांजली अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उनके ज्येष्ठ पुत्र पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सरगुजा रियासत के महाराज टीएस सिंहदेव उपस्थित थे। राजमाता स्व. देवेंद्र कुमारी सिंह देव का जन्म 13 जुलाई 1933 को हिमाचल प्रदेश के जब्बल राज परिवार में हुआ था।

अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव एवं सरगुजा महाराज स्व. एमएस सिंह देव से विवाह के बाद वे सरगुजा आई थीं। सरगुजा में उन्होंने पूरा वक्त बिताया। यहीं से उन्होंने राजनीति की शुरुआत भी की थी। कांग्रेस की राष्ट्रीय नेत्री स्व. देवेंद्र कुमारी सिंह देव एक बार अंबिकापुर व एक बार बैकुंठपुर से विधायक भी रहीं। अविभाजित मध्य प्रदेश में प्रकाशचंद्र सेठी व अर्जुन सिंह के मंत्री मंडल की वे मंत्री रहीं। उन्हें आवास, पर्यावरण, मध्यम सिंचाई, वित्त विभाग की जवाबदारी दी गई थी। महाराज स्व. एमएस सिंहदेव के शासकीय सेवा में होने के कारण उन्होंने सरगुजा जिले की सभी राजनैतिक और सामाजिक जिम्मेदारियों को सम्भाल लिया था। सत्तर और अस्सी के दशक में जबकि राजनीति में महिलाओं की सहभागिता आंशिक थी, उस दौर में वे कांग्रेस की सशक्त महिला नेता बनकर उभरी थी। वे 2 बार सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष भी रही थी। एक महिला होने के बावजूद इस दौरान उन्होंने तत्कालीन सरगुजा जिले के चप्पे-चप्पे का दौरा कर औपचारिक रूप से कांग्रेस के मजबूत संगठन की आधारशिला रखी थी। उनकी राजनैतिक स्मृतियों को याद करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि आज से 50-60 वर्ष पूर्व के राजनैतिक दौर में वे महिलाओं और युवाओं की सक्रिय राजनैतिक भागीदारी की पक्षधर थीं एवं इस दिशा में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया। उस दौर में उनके द्वारा तराशे गये राजनैतिक युवा तुर्क आज सरगुजा में कांग्रेस के अगुआ हैं। उन्होंने कहा कि सरगुजा वासियों की समस्याओं का निराकरण उनकी निजी प्रतिष्ठा का प्रश्न होता था। उन्होंने कभी भी मदद मांगने आने वाले व्यक्ति को निराश नहीं किया। राजमाता स्व. देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव के संगठनात्मक क्षमता और समय की पाबंदी का उल्लेख करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री बालकृष्ण पाठक ने कहा कि उनके सानिध्य में ही उन्होंने संगठन की गतिविधियों को सीखा। उन्होंने कहा कि राजमातां तत्कालीन सरगुजा जिले में कांग्रेस संगठन की असली शिल्पकार थी। उनके बनाये हुए संगठन की बदौलत कांग्रेस आज भी सरगुजा में मजबूत है। राजमाता की धार्मिकता और संस्कारों के प्रति दृढता पर अपने विचार रखते हुए कहा कि शंकराचार्य श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी का अंबिकापुर आगमन हुआ था एवं उनका निवास पैलेस में स्थित राधावल्लभ मंदिर में था। उनके आगमन के पूर्व की समस्त तैयारियों को राजमाता ने स्वयं कराया था। मंदिर में बनाये शंकराचार्य जी के अस्थायी आवास एवं मंदिर में फर्श की सफाई उन्होंने स्वयं की थी। पूर्व ननि सभापति अजय अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने कभी भी राजमाता के सर से पल्लू को गिरते नहीं देखा था। वे भारतीय नारी के परिभाषित आदर्श की प्रतिमूर्ति थी। राजीव भवन में पुष्पांजली के उपरांत प्रतीक्षा बस स्टैंड में महाराज स्व. एमएस सिंहदेव एवं राजमाता की युगल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं इसके उपरांत मां महामाया मंदिर में भंडारा का भी आयोजन हुआ। इस दौरान जेपी श्रीवास्तव, द्वितेन्द्र मिश्रा, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, शफी अहमद, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, नुरुल हसन, मो इस्लाम, सत्येन्द्र तिवारी, दुर्गेश गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह, इंद्रजीत सिंह धंजल, रसीद अहमद अंसारी, विनोद एक्का, मदन जायसवाल, लालचंद यादव, अनूप मेहता, आशीष वर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, गुरुप्रीत सिद्धू, विकल झा आदि शामिल रहे।



## नपं बिश्रामपुर को प्रेसिडेंट्स अवार्ड से किया जाएगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- 17 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण समारोह में राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर पंचायत बिश्रामपुर को सुपर स्वच्छता लीग की प्रतिष्ठित श्रेणी के लिए चुना गया है। यह उपलब्धि न केवल स्थानीय प्रशासन के लिए बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व का विषय है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 17 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ के सात नगरीय निकायों को सम्मानित करेंगी। इस समारोह में बिश्रामपुर नगर पंचायत को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रेसिडेंट्स अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस गौरवशाली क्षण के केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल, राज्य मंत्री तोखन साहू भी शामिल होंगे। गौरतलब है कि इस वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण में नवाचार के रूप में सुपर स्वच्छता लीग की शुरुआत की गई है। यह श्रेणी उन शहरों के लिए आरक्षित है जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार टॉप-3 में स्थान प्राप्त किया हो व वर्तमान वर्ष में अपनी जनसंख्या श्रेणी में टॉप-200 में स्थान बनाए रखा हो। बिश्रामपुर नगर पंचायत ने 20 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में इस मानक को पूर्ण किया है और एसएसएल की फाईनल सूची में जगह बनाई है। नगर पंचायत के कर्मचारी, अधिकारी, स्वच्छता मित्र और आम नागरिकों ने मिलकर इस अभियान को मिशन का रूप दिया। नगर पंचायत सीएमओ सुशील कुमार तिवारी ने कहा कि हमने तकनीकी नवाचारों के साथ-साथ लोगों को जोड़कर अभियान को जमीनी स्तर तक पहुंचाया है।

## एक महीने के भीतर आत्महत्या की तीन घटनाएं, बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



नगर के व्यवसायी।

नगर में विगत एक महीने में तीन आत्महत्या की घटनाएं हो गई है जिसे लेकर लोग चिंतित है। जिस प्रकार से परिवार का विखंडन, छोटी-छोटी बातों में लोगों का उग्र होना, मोबाइल की लत, आर्थिक स्थिति खराब होना, एकांकीपन लोगों को घेरते जा रहा है निश्चित रूप से यह आत्महत्या की ओर लोगों को अग्रेषित कर रहा है। नगर में एक माह के अंदर एक नाबालिग बच्ची एवं दो युवक, युवती अलग-अलग कारणों आत्महत्या किए। नगर में दोबारा इस प्रकार की घटना न हो इसके लिए सभी लोगों को चिंता करने की आवश्यकता है आखिर में क्यों लोग आत्महत्या जैसे खौफनाक कदम उठा रहे हैं।

लोगों में खुशी कम होना छोटी-छोटी बातों में उग्र हो जाना यह आम हो गई है। पति पत्नी के बीच अक्सर विवाद होते रहता है परंतु यह कभी-कभी काफी उग्र रूप धारण कर लेता है। स्थिति ऐसी हो जाती है कि पति या पत्नी दोनों मरने मारने के लिए उतारू हो जाते हैं ऐसे में एक व्यक्ति को समझदारी दिखाकर ऐसी स्थिति पर काबू करने की आवश्यकता है। सबसे खतरनाक स्थिति तब निर्मित हो जाती है जब पति एवं पत्नी दोनों काफी उग्र हो जाते हैं दोनों एक दूसरे को समझने को तैयार नहीं होते हैं ऐसे में अप्रिय घटना होने की सबसे अधिक संभावना होती है। बच्चों का मोबाइल के प्रति बहुत ज्यादा शक्ति भी बच्चों को चिड़चिड़ा एवं उग्र कर रही है। समाज के सभी लोगों को आत्महत्या जैसी संगीन घटनाएं उसे कैसा रोका जाए इसके लिए चिंता करने की आवश्यकता है। गायत्री परिवार के अरुण जायसवाल ने कहा कि नगर में जिस प्रकार से एक माह के अंदर तीन आत्महत्या की घटनाएं हुई वह बहुत विचलित कर देने वाला है।

सबसे गंभीर चिंता का विषय यह है नाबालिग बच्ची एवं दो नौजवान युवक, युवती असमय आत्महत्या कर कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिए। नगर के व्यापारी भरत लाल केसरी में कहा कि आत्महत्या करना किसी समस्या का निवारण नहीं है। आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति निश्चित रूप से परिवार के विखंडन, अवसाद, मोबाइल की लत सहित अन्य कारण है।

## सड़क पर झूलते विद्युत तार में फंसकर घायल व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- रायपुर में चल रहा था उपचार, अपराध दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

सड़क पर झूलते विद्युत तार में फंसकर गिरने से स्कूटी सवार व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। घायल व्यक्ति ने रायपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। विद्युत विभाग की इस लापरवाही के मामले में पुलिस ने पहले से ही अपराध दर्ज किया है वहीं अब पुलिस द्वारा इस मामले में लापरवाही से मौत की धारा जोड़कर जांच की जा रही है।

बता दें कि बौरीपारा निवासी सुरेश सोनी आ. स्व. बाल गोविन्द सोनी 2 जुलाई की भोर में 4-5 बजे के बीच अपने स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 6306 से अपने घर से खरसिया नाका की तरफ किसी काम से जा रहे थे। इस दौरान सदर रोड कद्मभी चौक जयपुरी कुर्ती दुकान के समीप एक विद्युत तार झूल रहा था। विद्युत विभाग की लापरवाही और अनदेखी के कारण झूलते हुए तार में फंसकर गिर गए। दुर्घटना के बाद सुरेश सोनी घंटों सड़क पर बेहोश पड़े रहे। सुरेश सोनी को पुलिस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें रायपुर रिफर कर दिया गया था। रायपुर में उपचार के दौरान अब सुरेश सोनी की मौत हो गई। विद्युत विभाग की छोटी सी लापरवाही से एक व्यक्ति की जान चली गई जिसे लेकर लोगों में रोष का माहौल है जबकि परिजन सदमें में है। इस मामले में मृतक के भतीजे अभिषेक सोनी आ. गिरवर प्रसाद की शिकायत पर पुलिस ने पूर्व में ही संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 289 व 125(ए) के तहत अपराध दर्ज किया था और अब मौत की धाराएं जोड़कर जांच की जा रही है। इस संबंध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि विद्यत तार की चपेट में आकर घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में अपराध दर्ज है और पुलिस विवेचना कर रही है।

### कक्षाओं का गिर रहा प्लास्टर, बरामदे में चल रहा हायर सेकेण्डरी स्कूल

**दरिमा।** शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल का जर्जर भवन अब छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। आए दिन छत का प्लास्टर गिरने के कारण प्राचार्य ने कक्षाओं को खाली करा दिया है तथा भवन के बरामदे में कक्षाएं संचालित की जा रही है। तत्कालीन विधायक मदन गोपाल सिंह की पहल पर शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण वर्ष 1997 में कराया गया था तथा उन्होंने ही 25 अक्टूबर 1997 के लिए भवन का उद्घाटन किया था। देख-रेख एवं मरम्मत के अभाव में अब स्कूल भवन की छत से पानी टपक रहा है साथ ही कभी भी छत का प्लास्टर गिर जा रहा है। कई बार कक्षा में प्लास्टर गिरने के कारण छात्र-छात्राएं घायल भी हुए है।



# सुपरमैन के मुंह से अपनी फिल्म का नाम सुन टाइगर श्रॉफ गदगद

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे टाइगर श्रॉफ ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट किया है। यह वीडियो हालिया रिलीज हॉलीवुड फिल्म सुपरमैन की हिंदी डबिंग का है। इस क्लिपिंग में सुपरमैन और हीरोइन के बीच बातचीत चल रही है। हिंदी डबिंग में हीरोइन कहती है, 'मैं नुक्कड़ नाटक करने वाली बागी लड़की हूं और तुम सुपरमैन हो।' इस पर सुपरमैन कहता है, मैं भी बागी हूं। इस पर हीरोइन कहती है, तुम बागी नहीं हो? इसके जवाब में सुपरमैन कहता है, मुझे 90 की बागी से लेकर बागी 1 से लेकर बागी 4 तक सब पसंद है। सुपरमैन के मुंह से अपनी फिल्म के डायलॉग और नाम सुनकर टाइगर श्रॉफ की खुशी का भी ठिकाना नहीं है।

लाइफ Style

# तृप्ति

## मधुबाला-मीना की करना चाहती हैं बायोपिक

तृप्ति डिमरी जल्द ही सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ 'धड़क 2' में नजर आएंगी। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वो मधुबाला या मीना कुमारी जैसी आइकॉनिक शख्सियतों की बायोपिक करना चाहती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री ने यह भी बताया कि लैला मजनू की असफलता ने उन्हें निराश किया था, लेकिन बुलबुल की सफलता ने उनका आत्मविश्वास दोबारा लौटा दिया। मैं बहुत उत्साहित हूं, क्योंकि यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। सीक्वल में काम करना अपने आप में एक अलग अनुभव होता है, लेकिन मेरे हिसाब से प्रेशर लेना या न लेना, ये पूरी तरह व्यक्ति पर निर्भर करता है। मैं दबाव नहीं लेती। मेरा मानना है कि जब आप दबाव में काम करते हैं, तो चीजें बिगड़ने लगती हैं। असली जादू तब होता है जब आप बिना किसी दबाव के पूरी ईमानदारी से और अपने डायरेक्टर व टीम पर भरोसा रखते हुए काम करें। शूटिंग के दौरान हमने हर दिन को सहजता से लिया, एक-दूसरे पर भरोसा रखा और दिल से काम किया। शायद इसी वजह से स्क्रीन पर भी सब कुछ दिल से जुड़ा हुआ लगता है। करण जौहर सर का कॉल आया और उन्होंने कहा कि एक बेहद टैलेंटेड डायरेक्टर हैं शाजिया इकबाल। इन्होंने बेबाक नाम की शानदार शॉर्ट फिल्म बनाई है। उन्होंने मुझसे कहा कि पहले वो फिल्म देखो, फिर शाजिया तुमसे मिलेंगी। फिल्म देखने के बाद मैं बहुत इंप्रेस हुई और अगले दिन ही शाजिया और राइटर राहुल से मिली।



हॉलीवुड मसाला



# दूसरी बार मां बनने वाली हैं वेनेसा

**लॉस एंजिल्स।** वेनेसा हजेंस ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह अपना बेबी बंप दिखाती नजर आईं। इन तस्वीरों में उनके साथ पति कोल टकर भी नजर आ रहे हैं। दोनों ने मैचिंग व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी है। अपनी तस्वीरों के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन- 'राउंड टू।' वह तस्वीरों में काफी खुश नजर आ रही हैं। साल 2024 में जुलाई माह में वेनेसा ने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया था। अब वह दूसरी बार प्रेग्नेंट हुईं।



# सेंसर बोर्ड ने काट दिया सुपरमैन के किसिंग सीन

**मुंबई।** हालीवुड फिल्म सुपरमैन को जेम्स गन ने डायरेक्ट किया है। भारत में इस फिल्म में से 33 सेकंड का किसिंग सीन हटा दिया गया। यह सीन लीड कैरेक्टर सुपरमैन (डेविड कोरेंसवेट) और लोइस लेन (रेचल ब्रोसनाहन) पर फिल्माया गया है। फिल्म में इनके बीच रोमांटिक रिलेशन दिखाया जाता है। भारतीय सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट दिया और इसके किसिंग सीन को हटा दिया। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर सेंसर बोर्ड को ट्रोल किया जाने लगा। लोगों ने सेंसर बोर्ड के नियमों पर सवाल उठाए। जहां तक सेंसर बोर्ड का सवाल है तो उन्होंने फिल्म को यू/ए 13+ रेटिंग दी है। पैरेंट्स के गाइडेंस में इस फिल्म को 13 साल के बच्चे भी देख रहे हैं। यही कारण है कि फिल्म से किसिंग सीन हटाया गया है।



# विलेन की भूमिका निभाएंगी तब्बू

**मुंबई।** तब्बू की गिनती बॉलीवुड की उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में होती है, जिन्होंने अपने करियर में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। वो एक रोमांटिक रोल से लेकर फिल्मों में ग्रे और निगेटिव कैरेक्टर्स में भी नजर आई हैं। अब तब्बू के अगले रोल को लेकर भी एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। एक बार फिर तब्बू पर्दे पर एक अलग अंदाज में नजर आ सकती हैं। कुछ दिनों पहले मेकर्स ने ये जानकारी साझा की थी कि तब्बू पुरी जगन्नाथ द्वारा निर्देशित फिल्म में विजय सेतुपति के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। अब ऐसी रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं कि तब्बू इस फिल्म में एक निगेटिव किरदार में नजर आएंगी। तब्बू पुरी जगन्नाथ की इस फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आ सकती हैं। हालांकि, अभी तक मेकर्स की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है।



# डॉन-3 में विक्रांत ही होंगे रणवीर के दुश्मन

**मुंबई।** 12वीं फेल जैसी फिल्मों से ऑडियंस का दिल जीतने वाले एक्टर विक्रांत मैसी इन दिनों अपनी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां से खबरों में बने हुए हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाए कर पाने में फेल होती दिख रही है। लेकिन, एक्टर्स की परफॉरमेंस की तारीफ हो रही है। वहीं, डॉन 3 से विक्रांत को रिप्लेस कर विजय देवरकोंडा को कास्ट किया गया है। फिल्म की शुरुआत से ही रणवीर और विक्रांत को कास्ट किया गया है। विजय देवरकोंडा को लेकर चल रही अफवाहें बिल्कुल बेबुनियाद हैं। कास्ट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इससे ये कन्फर्म हो गया है कि डॉन 3 का सबसे बड़ा विलेन का किरदार विक्रांत ही निभा रहे हैं। हालांकि, अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक विक्रांत इस फिल्म में एक स्मार्ट और चालाक स्कैमर के किरदार में नजर आएंगे।

टीवी मसाला




# 19 साल की लड़की से रोमांस कर रहे 46 साल के शरद

**नई दिल्ली।** शरद केलकर को बतौर अभिनेता पहचान टीवी सीरियल्स के जरिए मिली। इसके बाद वह फिल्मों में सक्रिय हुए और अपने उम्दा अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। एक बार फिर से टीवी सीरियल 'तुम से तुम तक' में अपने किरदार को लेकर चर्चा में हैं। शो में उनका किरदार 46 साल के एक बिजनेस मैन का है, जो 19 साल की लड़की (निहारिका चौकसे) से प्यार करता है। इस 27 साल की उम्र के फासले को लेकर उनकी सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हो रही है। शरद केलकर ने नए सीरियल को लेकर हो रही आलोचना, विवाद पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'आजकल सोशल मीडिया ऐसा प्लेटफॉर्म बन गया है जहां हर कोई अपनी राय थोपता है। किसी को कुछ पसंद आता है, किसी को नहीं, इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता।' मैं एक एक्टर हूं और मुझे जो रोल मिला है, मैं उसे निभा रहा हूं। अगर यही चीज रियल लाइफ में होती, तब भी शायद मुझे फर्क नहीं पड़ता। ये सिर्फ एक किरदार है, कोई असल जिंदगी की कहानी नहीं।' आपके परिवार ने मुश्किल से आपको मोबाइल फोन दिलाया है, तो उसका सही इस्तेमाल कीजिए। कुछ अच्छा कीजिए, पॉजिटिव सोचिए। सोशल मीडिया पर निगेटिव बातें फैलाने से किसी का भला नहीं होता। शरद केलकर के अनुसार, 'ये इंसान की फितरत है कि वह पहले नेगेटिव चीजों की तरफ आकर्षित होता है।

## मां की जगह कोई नहीं ले सकता : रितु

नई दिल्ली। कुछ कहानियां कभी पुरानी नहीं होतीं। कुछ रिश्ते कभी फीके नहीं पड़ते। और कुछ चेहरे हमेशा हमारी यादों में बसे रहते हैं। जब यह खबर आई कि 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' एक बार फिर लौट रहा है, तो सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई। शो के नाम से जुड़ी कई पुरानी यादें लोगों के जेहन में ताजा हो गईं। लेकिन, एक सवाल सबसे ज़्यादा पूछा गया - 'बा कहां हैं?' 'मां की जगह कोई नहीं ले सकता' ये शब्द हैं सुधा शिवपुरी यानी बा की बेटी रितु शिवपुरी के, जो इस शो की वापसी को मां के नाम की एक श्रद्धांजलि मानती हैं। रितु ने कहा, मां इस शो का हिस्सा थीं और हम सब उन्हें उस दुनिया में जीते हुए देखते थे। अब जब शो दोबारा लौट रहा है, तो ऐसा लगता है जैसे वक्त ने कोई भूली-बिसरी किताब फिर से खोल दी है। 'क्योंकि...' का सेट उनके लिए सिर्फ एक काम की जगह नहीं था। वहां उन्होंने एक और घर बसाया था। वो हंसी, वो कहकहे, वो किसी के सिर पर हाथ फेर देना, ऐसा लगता था जैसे मां अपने दिल का टुकड़ा हर कोने में छोड़ आती थीं।' सिर्फ इतना ही नहीं, रितु ने मां की एक खूबसूरत आदत को भी याद किया।



# मालिक और आंखों की गुस्ताखियां पर हावी रही सुपरमैन

*मुंबई। इन दिनों सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुई हैं। कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कर रही हैं तो कुछ फिल्में औसत से भी कम कमाई कर रही हैं। देखा जाए तो हॉलीवुड की फिल्में बॉलीवुड फिल्मों पर भारी पड़ रही हैं।*



**मालिक** : दर्शक अक्सर राजकुमार राव की फिल्मों को प्यार देते हैं लेकिन उनकी नई फिल्म मालिक बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं कर पा रही है। ओपनिंग डे पर औसत से कम शुरुआत करते हुए फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 3.75 करोड़ रुपए का कारोबार किया। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 5.25 करोड़ रुपए कमाए। इस तरह से मालिक का अब तक टोटल कलेक्शन नौ करोड़ रुपए हो गया है। 11 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म में मानुषी छिल्लर अहम किरदार में हैं।

**आंखों की गुस्ताखियां** : शनाया कपूर की डेब्यू फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। ओपनिंग डे पर फिल्म की शुरुआत काफी खराब रही। पहले दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर महज 30 लाख का कारोबार किया। दूसरे दिन फिल्म वीकएंड का फायदा नहीं उठा सकी। दूसरे दिन फिल्म की कमाई 43 लाख रुपए रही। इस तरह से फिल्म ने अब तक टोटल 73 लाख रुपए का कारोबार कर लिया है। फिल्म में विक्रांत मैसी अहम किरदार में हैं।

**सुपरमैन** : पिछले कई दिनों से भारत में बॉलीवुड फिल्मों के मुकाबले हॉलीवुड फिल्में ज्यादा चल रही हैं। ऐसा ही फिल्म सुपरमैन के साथ भी हुआ है। फिल्म ने पहले दिन भारत में सात करोड़ रुपये से अपना खाता खोला। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 9.35 करोड़ रुपए का कारोबार किया। इस तरह से फिल्म ने अब तक 16.35 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म भी 11 जुलाई को रिलीज हुई थी।

***मेट्रो इन दिनों*** *: मल्टी स्टारर फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' ने वीकएंड पर एक बार फिर रफ्तार पकड़ी है। फिल्म ने ओपनिंग डे पर 3.5 करोड़ रुपए का कारोबार किया। पहले हफ्ते में फिल्म ने 26.85 करोड़ रुपए कमा लिए। दूसरे शुक्रवार को फिल्म की कमाई 2.35 करोड़ रुपए रही। दूसरे शनिवार को फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 4.65 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया। इस तरह से फिल्म ने अब तक 33.85 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म चार जुलाई को रिलीज हुई थी।*

***जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ*** *: हॉलीवुड फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए हुए है। भारत में 4 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 9.25 करोड़ रुपए का कारोबार किया। पहले हफ्ते में फिल्म ने 55 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने 2.9 करोड़ का कारोबार किया। इसके बाद शनिवार को फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 7.25 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया। इस तरह से फिल्म ने 65.15 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।*

# कुली के 'मोनिका' में पूजा का दिखा जबरदस्त अंदाज

**मुंबई।** थलाइवा रजनीकांत की आगामी फिल्म कुली का दूसरा सिंगल सॉन्ग मोनिका रविवार को रिलीज हुआ। इस गाने में पूजा ने अपने जबरदस्त डांस से फैंस का दिल जीत लिया है। इस गाने में पूजा रेट्रो अवतार में नजर आईं। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म कुली से पूजा हेगड़े का दूसरा सिंगल सॉन्ग मोनिका शेयर किया। इस लुक में पूजा रेड थाई स्लिट ड्रेस में बेहद ही खूबसूरत दिख रही हैं। पूजा का स्टाइल और डांस दोनों ही फैंस को पसंद आ रहा है। निर्माताओं ने पूजा के इस गाने का वीडियो शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'मोनिका, मेरी प्यारी मोनिका! लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित 'कुली' में रजनीकांत मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रजनीकांत के अलावा फिल्म में कई स्टार कलाकार और आमिर खान का कैमियो है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कलानिधि मारन की सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में रजनीकांत, नागार्जुन, उपेन्द्र, सौबिन शाहिर, सत्यराज, श्रुति हासन, रेबा मोनिका जॉन, जूनियर एमजीआर, मोनिशा ब्लेसी और काली वेंकट शामिल हैं।



## कोटा श्रीनिवास राव का फिल्मी और राजनीतिक सफर किसी प्रेरणास्रोत से कम नहीं

# सरकार से लेकर बागी तक बॉलीवुड फिल्मों में भी आए नजर

*मुंबई। दक्षिण भारतीय सिनेमा के चमकते सितारों में से एक नाम था कोटा श्रीनिवास राव, जिनका फिल्मी और राजनीतिक सफर किसी प्रेरणास्रोत से कम नहीं। एक ऐसे कलाकार जिन्होंने सिर्फ पर्दे पर नहीं, बल्कि थिएटर, राजनीति और निजी जीवन में भी संघर्षों को गले लगाते हुए एक मिसाल कायम की। बीते दिनों जब फिल्म प्रोड्यूसर बंदला गणेश ने उनके साथ एक तस्वीर शेयर की थी तो उसमें कोटा श्रीनिवास काफी कमजोर लग रहे थे। कोटा की सेहत देखकर उनके फैंस काफी चिंतित हो गए थे। लंबे समय से बीमार चल रहे कोटा श्रीनिवास राव ने रविवार सुबह अंतिम सांस ली।*



### डॉक्टर बनना चाहते थे

कोटा श्रीनिवास राव का जन्म 10 जुलाई 1942 को आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव कांकीपाडु में हुआ था। एक मध्यमवर्गीय परिवार में पले-बढ़े कोटा के पिता एक डॉक्टर थे और घर का माहौल शिक्षा-सेवा पर आधारित था। बचपन में कोटा का सपना भी डॉक्टर बनने का था, लेकिन किस्मत उन्हें एक अलग दिशा में ले गई। कॉलेज के दिनों में ही उन्हें नाटकों में अभिनय का चस्का लगा और यहीं से उनके सफर की शुरुआत हुई।

### हर रोल में छा गए

चाहे खलनायक का रोल हो या एक संवेदनशील पिता का, कोटा हर किरदार में पूरी तरह से ढल जाते थे। 'अतरिंटिकी डेरेडी', 'छत्रपति', 'बोम्मारिलु', 'शिवा' और 'गायम' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी को आज भी सराहा जाता है। उनकी भूमिका ने हमेशा यह साबित किया कि साइड रोल करने वाले अभिनेता भी मुख्यधारा की चमक को मात दे सकते हैं। अपने लंबे करियर में श्रीनिवास राव ने साउथ के कई बड़े एक्टर्स के साथ काम किया था। महेश बाबू, जूनियर एनटीआर, प्रभाव और अल्लू अर्जुन जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ कोटा श्रीनिवास काम कर चुके हैं।

### कब हुई कॅरियर की शुरुआत?

कोटा श्रीनिवास राव ने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की और फिर धीरे-धीरे फिल्मों की ओर कदम बढ़ाया। 1978 में आई तेलुगु फिल्म 'प्रणम खरीदू' से उन्होंने बड़े पर्दे पर एंट्री की। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और 750 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। उनका अभिनय सिर्फ संख्या तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हर किरदार में उन्होंने अपने अभिनय की गहराई से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई।

### विधायक के तौर पर भी काम किया

फिल्मों के साथ-साथ कोटा श्रीनिवास राव ने राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने 1999 से 2004 तक आंध्र प्रदेश विधानसभा में विजयवाड़ा ईस्ट से विधायक के रूप में जनसेवा की। एक अभिनेता और जनप्रतिनिधि के रूप में उन्होंने समाज के अलग-अलग पहलुओं को समझा और उन्हें अपनी कला के जरिए इसे पेश भी किया।

***हिंदी फिल्मों में भी किया काम*** *: कोटा श्रीनिवास राव ने कई हिंदी फिल्मों में काम किया था। उनकी प्रमुख हिंदी फिल्मों में 'सरकार', 'डार्लिंग', 'बागी' और 'लक' जैसी फिल्में शामिल हैं।*

***कोटा श्रीनिवास राव के अवॉड्‌र्स*** *: कोटा राव को उनके अभिनय के लिए नौ बार राज्य नंदी पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। 2012 में उन्हें फिल्म 'कृष्णम वंदे जगद्गुरुम' के लिए सीमा पुरस्कार भी मिला। तमिल सिनेमा में भी उन्होंने 2003 में 'सैमी' फिल्म के जरिए खास पहचान बनाई। इसके अलावा उन्हें राष्ट्रपति द्वारा साल 2015 में पद्म श्री अवॉर्ड भी मिल चुका है।*

***किन फिल्मों के लिए मिला अवॉर्ड?*** *: अभिनय की दुनिया में महारत रखने वाले कोटा श्रीनिवास राव को नंदी अवॉड्‌र्स के तहत प्रतिघातना (1985) के लिए स्पेशल जूरी अवॉर्ड, गायम (1993), तीरपू (1994), गणेश (1998), चिन्ना (2001) जैसी फिल्मों में विलेन की भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ खलनायक का पुरस्कार और लिटिल सोल्जर्स (1996), आ नालुगुरु (2004), पेलैना कोथालो (2006) के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के रूप में सम्मान मिला।*

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशांत सम्मानित


प्रशांत कुमार राजवाड़े

**बैकुण्ठपुर।** शिक्षा, सेवा और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे कोरिया जिले के युवा प्रशांत कुमार राजवाड़े को छग गौरव शिक्षा रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू और बिलासपुर महापौर श्रीमती पूजा विधानी के गरिमामयी आतिथ्य में प्रदान किया गया। श्री राजवाड़े को यह सम्मान ग्रामीण व आदिवासी अंचलों में शिक्षा को बढ़ावा देने, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान और सामाजिक समरसता के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया है। श्री राजवाड़े कोरिया जिले के बिशनपुर गांव से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता रामफल राजवाड़े शासकीय विद्यालय में व्याख्याता तथा माता श्रीमती प्रतिमा राजवाड़े महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ हैं। उन्होंने छग लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 5 बार मुख्य परीक्षा व 2 बार साक्षात्कार तक का सफर तय कर कई युवाओं को प्रेरित किया है। वे 7 वर्षों तक सिविल सेवा की तैयारी करते हुए शिक्षा और मार्गदर्शन से जुड़े रहे।

### जिले में अब तक 354.4 मिमी वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में मानसून ने जोर पकड़ लिया है और लगातार हो रही बारिश से खेतों में हरियाली की उम्मीदें प्रबल हो गई हैं। भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 0.0 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि भरतपुर तहसील में अब तक की सर्वाधिक 451.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 13 जुलाई तक जिले में कुल औसत 354.4 मिमी वर्षा भू-अभिलेख शाखा द्वारा दर्ज की गई है, जो खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल मानी जा रही है। भू-अभिलेख शाखा के अनुसार तहसीलवार वर्षा की बात करें तो मनेन्द्रगढ़ में 307.5 मिमी, खड़गवां में 319.2 मिमी, चिरमिरी में 345.2 मिमी, केल्हारी में 277.7 मिमी, भरतपुर में 451.7 मिमी और कोटाडोल में 425.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है ।

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल

**मनेन्द्रगढ़।** लायंस क्लब मनेन्द्रगढ़ के तत्वाधान में 16 जुलाई को प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक एक निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर स्थानीय लायंस वृद्धाश्रम मनेन्द्रगढ़ में आयोजित किया जाएगा। इस स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा रोगियों की जांच की जाएगी और परामर्श दिया जाएगा। शिविर में अपनी सेवाएं देने वाले प्रमुख आयुर्वेद विशेषज्ञों में डॉ. पूर्णिमा सिंह, डॉ. मानसी अग्रवाल, डॉ. मेघा गुप्ता शामिल हैं। इस शिविर का उद्देश्य आयुर्वेदिक चिकित्सा के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना है। शिविर में वाद, दमा,कैंसर जैसे अन्य असाध्य व पुरानी बीमारियों से ग्रसित रोगियों का आयुर्वेदिक विधियों से परीक्षण एवं परामर्श किया जाएगा। लायंस क्लब की ओर से आमजन से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर का लाभ उठाएं और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें। यह शिविर खासकर उन मरीजों के लिए उपयोगी होगा जो वर्षों से पुरानी बीमारियों से पीड़ित हैं या जिनका एलोपैथिक इलाज असफल रहा है। लायंस क्लब मनेन्द्रगढ़ सेवा के इस प्रयास को लेकर स्थानीय नागरिकों में सराहना की भावना देखी जा रही है।

## मंत्री ने अपनी पोस्ट में लिखा-धरती मां की सेवा, अन्नदाता का धर्म

# कृषि मंत्री नेताम की पत्नी खेतों में कर रही काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

कृषि मंत्री रामविचार नेताम की पत्नी अविभाजित सरगुजा जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा नेताम इन दोनों अपने खेतों में स्थानीय महिलाओं के साथ धान की बुवाई करते वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है।

सात बार के विधायक रामविचार नेताम छत्तीसगढ़ शासन में कृषि मंत्री सहित अन्य विभागों के मंत्री हैं। भारी भरकम विभाग के बावजूद एवं लंबे समय तक राजनीति में रहने के बाद भी उनकी पत्नी की सादगी, सरलता देखते बनती है। एक वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें श्रीमती नेताम ग्रामीण महिलाओं के साथ धान की बुवाई कर रही है। अक्सर श्रीमती नेताम रामविचार नेताम के साथ रायपुर में ही रहती हैं परंतु अभी बुवाई के समय में खेती बाड़ी देखने के लिए सनावल में ही कुछ समय से हैं। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने अपनी पत्नी पुष्पा नेताम का धान का बुवाई करते वीडियो इंटरनेट मीडिया पर डालते हुए लिखा है कि धरती मां की सेवा, अन्नदाता का धर्म, आज मेरी धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा नेताम के गांव की बहनों के साथ खेतों में धान की बुवाई करते हुए परंपरा, श्रम और सेवा भाव का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। अपनी मिट्टी में अपने खेत में काम करने से जो आत्मिक संतोष और आनंद मिलता है वह अविस्मरणीय होता है। आज खेतों का यह दृश्य देखकर मन गर्व आनंद से भर उठा।

**खास बात**
- वीडियो सोसल मीडिया पर वायरल


महिलाओं के साथ धान का बीड़ा उखाड़ती पूर्व जिपं अध्यक्ष।

### पूर्व जिपं अध्यक्ष राजकुमारी शिव भजन मराबी बनी मिशाल अपने खेत में ग्रामीण महिलाओं के साथ की धान रोपाई



**प्रतापपुर।** आज के दौर में नेता बनने के बाद लोगों की जीवनशैली पूरी तरह बदल जाती है, वहीं जिले की एक महिला नेता ने अपने कर्म, सादगी और मिट्टी से जुड़ाव से समाज में एक प्रेरणादायक पहचान बनाई है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी शिव भजन मराबी जो इन दिनों न किसी मंच पर दिख रही हैं न सत्ताधारी तामझाम में बल्कि बारिश की कीचड़ में अपने खेत में धान रोपती ग्रामीण महिलाओं के साथ पूरी तरह घुल-मिल गई हैं। राजकुमारी मरावी का यह रूप लोगों को हैरान कर रहा है। क्योंकि वह न केवल अपने खेतों में खुद रोपाई कर रही हैं, बल्कि कृषि से जुड़ी तकनीकी जानकारी भी समय-समय पर स्थानीय किसानों को प्रदान करती हैं। राजकुमारी मरावी का कहना है कि किसान परिवार से आती हूं, खेतों में काम करना मेरे लिए गर्व की बात है। राजनीति मेरी सामाजिक सेवा का माध्यम है, लेकिन खेती मेरी आत्मा है। बरपटिया गांव में इन दिनों खेतों में धान रोपाई जोरो पर है। सुबह से किसान अपने परिवार के साथ खेतों में जुट जाते हैं। इन्हीं में से एक खेत में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी मराबी भी अन्य महिलाओं की तरह माथे पर घूंघट डाले, हाथ में पौधे लिए, पूरी लगन से रोपाई करती नजर आईं। पति शिवभजन मराबी भी कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता हैं, जो विभिन्न पदों पर रहते हुए 20 वर्षों से पार्टी में सक्रिय हैं। दोनों की सहजता और लोगों से सीधे


एसपी को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस नेता

# स्वास्थ्य मंत्री को अतिरिक्त सुरक्षा देने की मांग

**मनेन्द्रगढ़।** कांग्रेस नेताओं ने जिले के भाजपा विधायक एवं स्वास्थ्य मेंत्री को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता सौरव मिश्रा, युवा कांग्रेस लीगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष व्यंकटेश सिंह, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष कासिम अंसारी, मोती सिंह ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख है कि छग में भाजपा सरकार बनने के कुछ ही महीनों के भीतर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद लचर हो चुकी है।

स्थिति यह हो गई है कि अब भाजपा के ही विधायक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और उन पर हमले तक हो रहे हैं। प्रदेश के बेमेतरा जिले में आरंग सीट से भाजपा विधायक गुरू खुशवंत साहेब की गाड़ी पर 12-13 जुलाई की देर शाम पत्थरबाजी का हमला हुआ है। जिला प्रवक्ता श्री मिश्रा ने तंज कसते कहा कि सरकार का पहला कर्तव्य जनप्रतिनिधियों की नहीं, जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना होता है, लेकिन जब सत्तारूढ़ दल के विधायक ही असुरक्षित हों, तो शासन की गंभीरता पर सवाल उठना लाजमी है, ऐसे परिस्थितियों में सरकार पहले अपने विधायक एवं मंत्रियों को ही सुरक्षित रख ले यही बहुत बड़ी बात है, इसलिए हमने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को अतिरिक्त सुरक्षा देने की मांग की है। युवा कांग्रेस लीगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष व्यंकटेश सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में वर्तमान बिगड़ती कानून स्थिति को देखते हुए भाजपा के मंत्रियों के साथ सभी जनप्रतिनिधियों को अतिरिक्त सुरक्षा देनी चाहिए। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष कासिम अंसारी ने कहा कि एक तरफ भाजपा विधायकों पर हमला हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ प्रतियोगी परीक्षाओं में खुलेआम आधुनिक उपकरण ले जाकर नकल किया जा रहा है, ये सब घटना दिखाता है कि भाजपा सरकार से कानून व्यवस्था नहीं संभल रही है।

- बिगड़ती कानून व्यवस्था हवाला देकर कांग्रेस नेताओं ने सौंपा ज्ञापन

# सामुदायिक स्वच्छता परिसर से मिला रोजगार



**बैकुण्ठपुर।** सोनहत जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सुंदरपुर में तीन वर्ष पूर्व निर्मित सामुदायिक स्वच्छता परिसर अब ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन रहा है।

इसी परिसर के साथ निर्मित दो दुकानों के आवंटन से दंपति जय सिंह और उनकी पत्नी कैलाश कुमारी का जीवन न केवल आर्थिक रूप से संवर गया, बल्कि ग्राम में स्वच्छता और सामाजिक समन्वय की भी मिसाल कायम हुई है। ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित इन दुकानों का आवंटन दंपति को 40 हजार रूपए की अमानत राशि पर किया गया था, तब से यह दंपति सतत रूप से दोनों दुकानें संचालित कर रहा है। जय सिंह किराना दुकान का संचालन कर रहे हैं जबकि कैलाश कुमारी कपड़ों की सिलाई सेवा दे रही हैं। प्रतिदिन औसतन 400 से 500 रूपए की आय से उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है और वे आत्मनिर्भर बन चुके हैं। दुकानों से प्राप्त किराए की राशि प्रतिमाह 600 रूपए का उपयोग पंचायत द्वारा परिसर में निर्मित शौचालय की नियमित सफाई एवं रख-रखाव में किया जा रहा है, इससे स्वच्छता बनी रहती है और ग्रामवासी भी जागरूक हो रहे हैं।

# वी क्लब मनेन्द्रगढ़ का शपथ ग्रहण समारोह

**मनेन्द्रगढ़।** द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब ऑफ इंडिया की मनेन्द्रगढ़ इकाई का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को नगर के हसदेव इन होटल में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पीडीपी अनीता फरमानिया द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, चेयरपर्सन और माइक्रो चेयरपर्सन को विधिवत शपथ दिलाई गई।

शपथ ग्रहण के दौरान बबीता अग्रवाल ने अध्यक्ष पद की शपथ लेते हुए कहा कि संसथा ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, मैं उसे पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी से निभाऊंगी। सचिव, कोषाध्यक्ष और क्लब की सभी सशक्त महिलाओं के साथ मिलकर हम समाजहित में कार्य करेंगे और वी क्लब मनेन्द्रगढ़ को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएंगे। शपथ ग्रहण समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता, संस्था पदाधिकारी और महिला सदस्य काफी संख्या में उपस्थित रहीं। इनमें प्रमुख रूप से प्रशासनिक सह सचिव पम्मी अरोड़ा, प्रभा पटेल, इंद्रा सेगर, प्रीति जायसवाल, प्रतिभा अग्रवाल, सचिव मधु जैन, रश्मि जायसवाल, नीलम कालरा, सविता अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, मीरा गुप्ता, बेबी मखीजा, कमलेश अरोड़ा, दविंदर कौर, वीरांगना श्रीवास्तव, रजनी अग्रवाल, माधुरी अग्रवाल, मनजीत कौर, संध्या तिवारी, मीनू अग्रवाल, शीला सिंह, हेमा गायकवाड़ और मंजू गोयल शामिल रहीं।



### सामाजिक सरोकारों की दिशा में प्रतिबद्धता

कार्यक्रम में वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं जरूरतमंदों के लिए सहायता कार्य जैसे विषयों पर क्लब की आगामी योजनाओं की रूपरेखा साझा की। सभी सदस्यों ने संस्था की सामाजिक भूमिका को मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

# होम्योपैथिक अस्पताल में चिकित्सक की नियुक्ति



**मनेन्द्रगढ़।** बंगाली बस्ती वार्ड क्रमांक 20 में संचालित होम्योपैथिक अस्पताल में नवनियुक्त चिकित्सक डॉ. टीके सोनकर ने पदभार ग्रहण किया। नगरवासियों ने उनका आत्मीय स्वागत कर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जेके सिंह, एसके निगम, रामचरित द्विवेदी, माहेश्वरी सिंह, कक्के खनूजा, डॉ. रश्मि सोनकर, अधिवक्ता गणेश अग्रवाल, मनोज केशरवानी, उर्मिला राव, पूजा घोषाल, अपूर्व कर, रोशनी मिश्रा, गौरव मिश्रा, शेष गिरी राव, रामू भाई एवं राजेश सोंधिया उपस्थित रहे। नगरवासियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर पारंपरिक रूप से डॉ. सोनकर का अभिनंदन किया। पदभार ग्रहण के उपरांत डॉ. टीके सोनकर ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति एक वैज्ञानिक, सस्ती और बिना दुष्प्रभाव वाली चिकित्सा प्रणाली है, जो रोग के लक्षणों को दबाने की बजाय उसकी जड़ तक पहुंचकर उपचार करती है। यह केवल शरीर ही नहीं, बल्कि मन और आत्मा की भी चिकित्सा करती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब एलोपैथिक दवाओं के दुष्प्रभाव सामने आ रहे हैं,ऐसे में होम्योपैथी एक सुरक्षित और प्रभावी विकल्प बनकर उभर रही है। मेरा प्रयास रहेगा कि मनेन्द्रगढ़ के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण होम्योपैथिक उपचार सुलभ कराया जा सके।

# सशिमं में पौधरोपण: छात्रों और आचार्यों ने लिया हरियाली का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए सरस्वती शिशु मंदिर मनेन्द्रगढ़ में सोमवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय समिति के पदाधिकारियों, शिक्षकों और छात्राओं ने मिलकर विद्यालय परिसर स्थित सरस्वती वाटिका में विभिन्न प्रकार के फलदार पौधों का रोपण किया।

इस अवसर पर नींबू, आम, अमरूद, कटहल जैसे उपयोगी पौधे लगाए गए, जिससे न सिर्फ हरियाली बढ़ेगी, बल्कि भविष्य में विद्यालय परिवार को प्राकृतिक उपज का लाभ भी मिलेगा। कार्यक्रम में विद्यालय समिति के व्यवस्थापक दिनेश्वर मिश्रा, कोषाध्यक्ष अधिवक्ता गणेश अग्रवाल, प्राचार्य दिनेश मिश्रा, प्रधानाचार्य दिवाकर मिश्रा, लेखापाल विनोद शुक्ला सहित कई आचार्य और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सभी ने मिलकर श्रमदान करते हुए पौधों को रोपा और उन्हें नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुखजन ने पर्यावरण के महत्व को रेखांकित किया। व्यवस्थापक श्री मिश्रा ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। एक वृक्ष कई पीढ़ियों को छाया, फल और जीवन देता है।

विद्यालय द्वारा किया गया यह कार्य भविष्य के लिए एक मजबूत नींव है। प्राचार्य श्री मिश्रा ने कहा शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। जब विद्यार्थी अपने हाथों से पौधे लगाते हैं, तो उनमें प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और कर्तव्यबोध विकसित होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि हर बच्चा अपने जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाए और उसका संरक्षण करें, यही सच्चा योगदान है आने वाली पीढ़ियों के लिए।






## पृष्ठ 1 का शेष

### हत्या की गुत्थी...

जंगल में ले जाकर पत्थर व सरई के गेड़े से सिर और छाती पर वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों रामदेव राजवाड़े पिता शिवनंदन राजवाड़े उम्र 39 वर्ष निवासी पहाड़पारा नवगई थाना सोनहत,लक्ष्मण राजवाड़े पिता रामकुमार राजवाड़े उम्र 21 वर्ष निवासी कर्री थाना सोनहत को 14 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। इस जघन्य हत्याकांड के खुलासे में थाना प्रभारी चरचा प्रमोद पांडेय, निरीक्षक विनोद पासवान, सायबर सेल प्रभारी एवं टीम के अन्य सदस्य सहायक उप निरीक्षक बालकृष्ण राजवाड़े, आरक्षक इलियास कुजूर, साकेत मरकाम, सागर लाल केवट, जय सिंह, जैनेन्द्र सिंह, प्रदीप श्याम, वेद प्रकाश पैकरा, सैनिक जुपेन्द्र कुशवाहा की अहम भूमिका रही।

# चनान नदी पुल पर भरा पानी, खतरे के बीच आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



चांदो रोड पर बना पुल इन दिनों खतरनाक हो गया है। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से पुल पर पानी जमा हो रहा है और लोग वर्षों पुराने पुल के गड्ढों में फंसकर दुर्घटना के शिकार हो रहे है।

बता दें कि बलरामपुर से चांदो जाने वाले मार्ग पर स्टेट हाइवे के चनान नदी पर पुल का निर्माण किया है। इस पुल का निर्माण लगभग 20 वर्ष पूर्व किया गया था लेकिन पुल रख रखाव और मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया गया और रख रखाव के आभाव में पुल जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। पुल पर बारिश का पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में भारी बारिश के दौरान पानी पुल पर जमा हो रहा है और वाहनों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। पुल पर बने गड्ढों के कारण पुल पर पानी जमा होने से लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। शनिवार को भी पुल पर पानी जमा होने के कारण एक बाइक चालक गड्ढे में फंस गया। गनीमत रही कि बाइक चालक को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ लेकिन यदि यही स्थिति बनी रही और पुल पर पानी जाम की होता रहा तो किसी भी दिन किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।




